आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 23.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचारः—

- उत्तराखंड निकाय चुनाव में आज मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। अंतिम समाचार लिखे जाने तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- पहाड़ से लेकर मैदान तक मतदाताओं में दिखाई दिया खासा उत्साह।
- निकाय चुनाव की मतगणना 25 जनवरी को होगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— देशवासियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करना चाहिए।
- भारत के लक्ष्य सेन, इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर।

मतदान

प्रदेश के 100 निकायों में आज सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। अंतिम समाचार लिखे जाने तक प्रदेश में लगभग 60 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके साथ ही कुल 5 हजार 405 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया है। मतदान के लिए प्रदेश में 1 हजार 515 मतदान केंद्र और 3 हजार 394 बूथ बनाए गए थे।

मतदान प्रदेश

उत्तराखंड में आज मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। पहाड़ से लेकर मैदान तक बूथों पर लंबी लाइन लगी रही। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए। राजधानी देहरादून में भी सभी आयु वर्ग के मतदाताओं ने बढ़—चढ़कर मतदान किया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने किशनपुर में वोट डाला।

मतदान अल्मोड़ा

अल्मोड़ा जिले के पांचों नगर निकाय में मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस दौरान बुजुर्ग मतदाता पान सिंह, मतदान को लेकर काफी खुश नजर आए। युवा मतदाता दिव्या कार्की ने कहा कि उन्होंने पहली बार वोट दिया है। उन्होंने कहा कि सबको मतदान करना चाहिए।
प्रदेश में निकाय चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 25 जनवरी को होगी।

पराक्रम दिवस

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर देश में पराक्रम दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया है कि देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि देशवासियों को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए।
विश्व में भारत की बढती हैसियत पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश की प्रगति के लिए वातावरण अनुकूल है और विश्व भारत की तरफ देख रहा है।

लक्ष्य सेन भारत

भारत के लक्ष्य सेन, इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैंडमिंटन टूनामेंट से बाहर हो गए हैं। आज जर्कार्ता में पुरूष सिंगल्स के दूसरे दौर में जापान के केन्ता निशिमोतो ने लक्ष्य सेन को 21–16, 12–21 और 23–21 से हराया। मिक्सड डबल्स में तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोडी को हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में 28 जनवरी से होने जा रहे 38 वें राष्ट्रीय खेलो की तैयारियों जोरों पर हैं। खेल एवं युवा विभाग के विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा ने बताया कि अभी तक नौ हजार आठ सौ खिलाड़ियों का डेटा मिल चुका है, जिनके सत्यापन का काम जारी है। श्री सिन्हा ने बताया कि खिलाड़ियों के रहने, खाने और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।

फुल ड्रेस रिहर्सल

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आज गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई।

76वीं गणतंत्र दिवस परेड के दौरान देश की विविधता और सांस्कृतिक समावेशिता को दर्शाने वाली विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों की कुल 26 झांकियां तैयार की गई हैं। इस बार झांकियों का विषय है– 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास'। परेड में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ–साथ 10 मंत्रालयों और विभागों की अनूठी थीम वाली झांकियां शामिल होंगी।